# University in News on 20 September 2024

## HINDUSTAN PAGE 8

**शहर में शूटिंग** | छात्रावास में अभिनेता राजकुमार राव ने अपनी आगामी फिल्म की शूटिंग की, छात्रों में दिखा जबरदस्त उत्साह, आस-पास के लोग भी देखने पहुंचे

# एलयू में एक्शन: सुभाष छात्रावास बन गया अस्पताल...

लखनऊ, संवाददाता। एलयू के सुभाष छात्रावास को अस्पताल में तब्दील कर दिया गया। छात्रावास के पास छात्रों का हुजूम उमड़ आया। सभी विद्यार्थी एकटक छात्रावास के भीतर नजर गड़ाए हुए थे। इतने में सीढ़ियों से आक्रामक अंदाज में अभिनेता राजकुमार राव आए। उनके हाथों में दो नाल बंदूक थी।

अभिनेता के पीछे कई लोग थे। तभी छात्रों के हुजूम ने राज कुमार राव के नाम के नारे लगाने शुरू कर दिए। दूसरी ओर राजकुमार अस्पताल की तरफ मुड़ गए। दरअसल सुभाष छात्रावास में बुधवार को अभिनेता राजकुमार राव ने अपनी आगामी फिल्म की शूटिंग की। इसके लिए छात्रावास के भीतर अस्पताल का सेट बनाया गया। यहां अभिनेता ने एक सीन फिल्माया। राजकुमार राव की एक झलक पाने को छात्र बेताब दिखे। छात्रों ने अभिनेता के नाम से नारेबाजी की।10 मिनट चली नारेबाजी के बाद राजकुमार बाहर आए। उन्होंने छात्रों के उत्साह को सराहा। जिसका वीडियो छात्रों ने रिकॉर्ड कर वायरल कर दिया।

### अभिनेता की दीवानगी में रात को घर नहीं गए

एलयू परिसर में रहने वाले अंश कुमार ने बताया कि मंगलवार को जबसे वैनिटी वैन और सेट बनना शुरू हुआ तब से मैं वहां से हिला नहीं। रात में घर नहीं गया। पूरे समय एक्टर को देखने के लिए बैठा था। वहीं शूटिंग की खबर पाकर एलयू के पास रहने वाले लोग शूटिंग देखने पहुंच गए। इसमें बाबूगंज, डालीगंज आदि के लोग शामिल रहे।



एलयू के सुभाष छात्रावास में राजकुमार राव ने की शूटिंग, बनाया गया अस्पताल।

### यूपी में भेड़िया की हलचल के सीन अगली फिल्म में

फिल्म कलाकार राजकुमार राव ने गुरुवार को अपनी फिल्म विक्की विद्या का वो वाला वीडियो का प्रमोशन किया। हजरतगंज के एक क्लब में राजकुमार राव ने दर्शकों से अपील की कि स्त्री टू फिल्म के बिक्की की तरह ही इस नई फिल्म के विक्की को भी प्यार दें। राव ने कहा कि लखनऊ से मुझे बेहद लगाव है। यहां का खाना, शुक्ला जी की चाट तो बहुत ही स्वादिष्ट है। राव ने कहा कि यूपी में भेड़िया के आतंक के बारे में निर्देशक अमर कौशिक से चर्चा करूंगा। उन्हें आइडिया दूंगा कि स्त्री थ्री में भेड़िया को लेकर कुछ जरूर एड करें। इससे पहले वह बीकेटी के एसआर ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस में भी पहुंचे।

### विद्यार्थियों ने ली स्वच्छता की शपथ

लखनऊ। एलयू के महमूदाबाद पुरुष छात्रावास में स्वच्छता अभियान का आयोजन हुआ। प्रवोस्ट डॉ. ओपी शुक्ला ने गुरुवार की सुबह छात्रों संग झाड़ू लगाकर शुरुआत की। डॉ. शुक्ला ने हर विद्यार्थी को 100 लोगों को स्वच्छता के लिए प्रेरित करने की शपथ दिलाई। इसके बाद विवि की प्रति कुलपति प्रो. मनुका खन्ना ने अभियान का जायजा लिया।

### काकोरी एक्शन पर फिल्म दिखाई

लखनऊ। एलयू के वनस्पति विज्ञान विभाग में काकोरी ट्रेन एक्शन पर शार्ट फिल्म का प्रदर्शन हुआ। शार्ट फिल्म में भारत के स्वतंत्रता संग्राम की महत्वपूर्ण घटनाएं दिखाई गईं। विभागाध्यक्ष प्रोफेसर गौरी सक्सेना ने एक वर्ष तक चलने वाले समारोह को आरंभ किया।

## i-NEXT PAGE 4

### 25 तक को-करिकुलर विषय का चयन

एलयू के विज्ञान संकाय ने बीएससी प्रथम सेमेस्टर के स्टूडेंट्स को को-करिकुलर विषय के चयन का एक और मौका दिया है. ऐसे विद्यार्थी जो इस विषय के लिए गूगल फार्म नही भर पाए या उन्हें को-करिकुलर विषय आवंटित नही हो पाया, वे गूगल लिंक के माध्यम से 25 सितंबर तक विषय चयन कर सकते हैं.

### एनसीसी नेवल विंग के रजिस्ट्रेशन 25 को

एलयू में 3 एनसीसी नेवल विंग के लिए प्रवेश प्रक्रिया 25 सितंबर को होगी. यूजी फर्स्ट सेमेस्टर के इच्छुक स्टूडेंट्स को प्रवेश के लिए निर्धारित डेट पर सुबह 11 बजे कैशियर कार्यालय के पास पहुंचना होगा. इसके लिए उन्हें वाट्सएप नंबर 8004749626 पर अपना नाम, क्लास व मोबाइल नंबर भेजना होगा.

### आनलाइन बीकाम, एमकाम के एग्जाम शुरू

एलयू में आनलाइन माध्यम से संचालित सत्र 2023-24 के बीकाम और एमकाम पाठ्यक्रम के पहले सेमेस्टर की परीक्षाएं गुरुवार से शुरू हो गई. इन सभी का परीक्षा केंद्र परिसर में बनाया गया है. एलयू सेंटर फार आनलाइन एंड डिस्टेंस एजुकेशन (एलयूकोड) के डायरेक्टर प्रो. पियूष भार्गव ने बताया कि दोपहर दो से शाम पांच बजे तक परीक्षा में एमकाम के 48 और बीकाम में नौ विद्यार्थी शामिल हुए.

### एलयू में दिखाई गई लघु फिल्म

काकोरी ट्रेन एक्शन के शताब्दी समारोह के हिस्से के रूप में एलयू के वनस्पति विज्ञान विभाग ने लघु वृत्तचित्र काकोरी ट्रेन एक्शन का प्रदर्शन किया. विभाग की प्रमुख प्रो. गौरी सक्सेना के मार्गदर्शन में आयोजित इस कार्यक्रम ने एक साल तक चलने वाले समारोह की शुरुआत भी की. वृत्तचित्र में भारत के स्वतंत्रता संग्राम की महत्वपूर्ण घटनाओं पर प्रकाश डाला गया.

## AMAR UJALA MY CITY PAGE 5

# लविवि : एलयूआरएन पोर्टल पर पंजीकरण का आज अंतिम मौका

संवाद न्यूज एजेंसी

लखनऊ। लखनऊ यूनिवर्सिटी रजिस्ट्रेशन नंबर (एलयूआरएन) पोर्टल पर पंजीकरण का शुक्रवार को अंतिम मौका है। 20 सितंबर को रात 12 बजे पोर्टल बंद हो जाएगा। इसके बाद अभ्यर्थी पंजीकरण नहीं कर सकेंगे।

लविवि ने गत सत्र में मुख्य परिसर और संबद्ध कॉलेजों में प्रवेश के लिए पंजीकरण करवाना अनिवार्य कर दिया था। बिना पंजीकरण के अभ्यर्थी प्रवेश नहीं ले पाएंगे। विवि ने नए सत्र के लिए मार्च में पंजीकरण का पोर्टल खोल दिया था। अब जब प्रवेश प्रक्रिया पूरी होने को है तो विवि ने एक सप्ताह पहले पंजीकरण की अंतिम तिथि 20 अक्टूबर निर्धारित कर दी थी।

प्रवक्ता प्रो. दुर्गेश श्रीवास्तव के मुताबिक, जिन अभ्यर्थियों ने पंजीकरण नहीं करवाया है, वे करवा लें। पोर्टल बंद होने के बाद प्रवेश नहीं होगा।

### बीकॉम व एमकॉम की परीक्षाएं शुरू

लखनऊ। लखनऊ विवि में सेंटर फॉर ऑनलाइन एजुकेशन और डिस्टेंस एजुकेशन के क्रम में बृहस्पतिवार को बीकॉम और एमकॉम कोर्स में प्रवेशरत पहले सेमेस्टर के विद्यार्थियों की परीक्षाएं शुरू हो गईं। कोर्स में प्रवेश लेने वाले सभी छात्र परीक्षा में उपस्थित रहे। प्रवक्ता प्रो. दुर्गेश श्रीवास्तव ने बताया कि ऑनलाइन कोर्स के क्रम में जल्द कई नए कोर्स शुरू होंगे। इसकी सूचना विवि की वेबसाइट पर जारी कर दी जाएगी। (संवाद)

## SWATANTRA BHARAT PAGE 2

# लविवि में लघु फिल्म का प्रदर्शन



**स्वतंत्र भारत संवाददाता, लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा काकोरी ट्रेन एक्शन के शताब्दी समारोह के हिस्से के रूप में वनस्पति विज्ञान विभाग ने लघु वृत्तचित्र काकोरी ट्रेन एक्शन का प्रदर्शन किया। कुलपति प्रो.आलोक कुमार राय के संरक्षण और वनस्पति विज्ञान विभाग की प्रमुख प्रो.गौरी सक्सेना के विशेषज्ञ मार्गदर्शन में आयोजित इस कार्यक्रम ने एक साल तक चलने वाले समारोह की शुरुआत की। वृत्तचित्र में भारत के स्वतंत्रता संग्राम की महत्वपूर्ण घटनाओं पर प्रकाश डाला गया। जिससे दर्शकों, विशेषकर छात्रों को काकोरी ट्रेन एक्शन के महत्व के बारे में बहुमूल्य जानकारी मिली। छात्रों ने न केवल घटना के ऐतिहासिक संदर्भ की गहरी समझ हासिल की,बल्कि स्वतंत्रता के व्यापक संघर्ष पर इसके द्वारा प्रदान किए गए शैक्षिक परिप्रेक्ष्य से भी लाभान्वित हुए। इस प्रदर्शन में विभाग के संकाय सदस्य, छात्र और सहायक कर्मचारी शामिल हुए।

## LOKSATYA PAGE 2

### एलयू वनस्पति विज्ञान विभाग में लघु फिल्म का प्रदर्शन

लखनऊ, लोकसत्य। उत्तर प्रदेश सरकार के काकोरी ट्रेन एक्शन के शताब्दी समारोह के तहत वनस्पति विज्ञान विभाग ने गुरुवार को लघु वृत्तचित्र 'काकोरी ट्रेन एक्शन' का प्रदर्शन किया। कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय के संरक्षण और वनस्पति विज्ञान विभाग की प्रमुख प्रो. गौरी सक्सेना के विशेषज्ञ मार्गदर्शन में आयोजित इस कार्यक्रम ने एक साल तक चलने वाले समारोह की शुरुआत की। वृत्तचित्र में भारत के स्वतंत्रता संग्राम की महत्वपूर्ण घटनाओं पर प्रकाश डाला गया, जिससे दर्शकों, विशेषकर छात्रों को काकोरी ट्रेन एक्शन के महत्व के बारे में बहुमूल्य जानकारी मिली। छात्रों ने न केवल घटना के ऐतिहासिक संदर्भ की गहरी समझ हासिल की, बल्कि स्वतंत्रता के व्यापक संघर्ष पर इसके द्वारा प्रदान किए गए शैक्षिक परिप्रेक्ष्य से भी लाभान्वित हुए।

## HT PAGE 3

# Docu on Kakori incident screened

**LUCKNOW:** As part of the centenary celebrations of the Kakori Train Action, the Lucknow University's botany department screened a short documentary on Thursday. The documentary highlighted the key events from India's freedom struggle, offering students valuable insights into the Kakori Train Action.

## JAGRAN CITY PAGE III

### 25 तक करें को-करिकुलर विषय का चयन

लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय के विज्ञान संकाय ने बी.एससी प्रथम सेमेस्टर के छात्र-छात्राओं को को-करिकुलर विषय के चयन का एक और मौका दिया है। ऐसे विद्यार्थी जो इस विषय के लिए गूगल फार्म नहीं भर पाए या उन्हें को-करिकुलर विषय आवंटित नहीं हो पाया, वे गूगल लिंक https://forms.gle/amAdQ5fRMW6KCfDa7 के माध्यम से 25 सितंबर तक विषय चयन कर सकते हैं। (जासं)